जालंधर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247




वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

**सुविचार**
वक्त और किस्मत पर कभी घमंड मत करना ।। क्योंकि, सुबह उनकी भी होती है जिनके दिन खराब हो।

# अरविंद केजरीवाल की असली मुश्किलें अब शुरू होने वाली हैं, समझिए कैसे



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी रिमांड आज खत्म हो गई है. शराब घोटाले में ईडी हिरासत में हुई पूछताछ के बाद अब उन्हें पीएमएलए कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

जेल जाना खुद में एक बहुत बड़ी कठिनाई होती है पर अरविंद केजरीवाल के लिए अब और बड़ी मुश्किलें सामने आने वाली हैं. ईडी का कहना है कि वो जानबूझकर जांच एजेंसियों को सहयोग नहीं कर रहे हैं. यह गंभीर इशू बन सकता है विशेषकर बेल मिलने में परेशानी हो सकती है. इसके अलावा शराब घोटाले में जिस तरह की तस्वीर बन रही है उससे यही लगता है कि उनके बचे दो खास सहयोगी आतिशी और सौरभ भारद्वाज पर भी जल्द ही शिकंजा कस सकता है. आम आदमी पार्टी भी अरविंद केजरीवाल की अनुपस्थिति के चलते संकट में पड़ सकती है.

## 1-जेल से सरकार चलाना होगा मुश्किल

जेल का जीवन सामान्य नहीं होता है. शायद यही कारण है कि अरविंद केजरीवाल ने भी हर संभव प्रयास किया कि उन्हें बेल मिल जाए. हालांकि उनके पास एक ऑप्शन यह भी था कि वे खुद को जनता की हमदर्दी पाने के लिए जेल जाने के पहले ही कह सकते थे कि वो बेल के लिए अप्लाई नहीं करेंगे. कोर्ट से बेल न मिलने से बढ़िया यही होता. क्योंकि इससे उनके प्रति ज्यादा हमदर्दी पैदा होती लोग उन्हें अन्याय के आगे कभी सर न झुकाने वाले के रूप में याद करते. अन्ना आंदोलन के दौरान गिरफ्तारी होने पर एक बार अरविंद केजरीवाल ऐसा कर भी चुके थे. पर इस बार अरविंद केजरीवाल ऐसा नहीं कर सके. और अब यह भी तय हो हो गया है कि वे जल्दी बाहर आने वाले नहीं हैं.

जिस तरह शराब घोटाले में जेल गए उनके पूर्ववर्तियों को बेल नहीं मिल सकी है उसके आधार पर यही कहा जा सकता है कि केजरीवाल को अभी काफी दिनों में जेल में रहना होगा. ईडी हिरासत में रहते हुए उनको बाहर के लोगों से मिलने का थोड़ा-बहुत टाइम मिल भी जाता था पर अब वह भी संभव नहीं होगा. इस तरह यह कहना भी अब मुश्किल होगा कि उन्होंने दिल्ली की जनता के लिए यह आदेश जारी किया है. जेलों में कैदियों के लिए कुछ मैनुअल होता है . उसके अनुसार ही लोगों से मिलना जुलना होता है. विशेषकर तिहाड़ में तो सशरीर मुलाकात भी संभव नहीं होता है. दो मुलाकातियों के बीच शीशे की दिवार होती है. स्पीकर के माध्यम से दो लोगों के बीच बातचीत होती है. जाहिर है कि कॉन्फिडेंशल बात नहीं हो सकेगी.

## 2-अगला नंबर आतिशी और सौरभ भारद्वाज का भी हो सकता है!

बताया जा रहा है कि ईडी से पूछताछ में अरविंद केजरीवाल ने विजय नायर की रिपोर्टिंग से इनकार किया है. केजरीवाल ने कहा है कि शराब घोटाले का आरोपी विजय नायर आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज और आतिशी को रिपोर्ट करता रहा है. ईडी की तरफ से ASG राजू ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि विजय नायर आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे, तो इस दौरान केजरीवाल चुप रहे. यह पहली बार है जब उन्होंने कोर्ट में दो मंत्रियों का नाम लिया.

खास बात ये है कि जब ईडी अदालत को यह बता रही थी तो केजरीवाल ने इसका खंडन तक नहीं किया और चुप्पी साधे रखी. आपको बता दें कि आतिशी गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान गोवा की प्रभारी भी रही हैं. अरविंद केजरीवाल इस सवाल का जवाब देने से बचते रहे कि आखिर क्यों नायर ने सीएम कैंप कार्यालय में काम करने वाले लोगों के बारे में जानकारी नहीं होने का दावा किया था जबकि उसने सीएम के कैंप कार्यालय से काम किया था.

## 3-अब CBI भी मांग सकती है दिल्ली सीएम की हिरासत

कहा जा रहा है कि ईडी की हिरासत खत्म होने के बाद सीबीआई अरविंद केजरीवाल की हिरासत मांग सकती है. अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ग्राउंड भी सीबीआई की जांच के आधार पर ही तय हुआ था. सीबीआई ने सबसे पहले आबकारी घोटाले में मनीष सिसोदिया, शराब कंपनियों और उनके मालिकों के खिलाफ केस दर्ज किया था. सीबीआई पहली केंद्रीय एजेंसी है जिसने ये केस दर्ज किया था, जिसकी जांच आगे बढ़ी तब ईडी ने सीबीआई की एफआईआर के आधार पर केस दर्ज किया.

अप्रैल 2023 में केजरीवाल से शराब नीति 2021-22 के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच के संबंध में सीबीआई द्वारा नौ घंटे तक पूछताछ की गई थी. पूछताछ के दौरान सीबीआई मामले में गिरफ्तार लोगों द्वारा किए गए कुछ खुलासों और एक गायब फाइल के ठिकाने के बारे में जानकारी चाहती है. इसमें यह भी जानने का इरादा है कि क्या केजरीवाल ने गिरफ्तार शराब कारोबारी समीर महेंद्रू से फेसटाइम पर बात की थी और उन्हें आप के गिरफ्तार संचार प्रभारी विजय नायर के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा था. शराब घोटाले के अलावा सीबीआई दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं के मामले की भी जांच कर रही है. यही एकमात्र विभाग था जो केजरीवाल के पास थोड़े समय के लिए था.

## 4- AAP के लिए चुनौती, बिखर सकती है पार्टी...


केजरीवाल अगर जल्दी ही जेल से बाहर नहीं आते हैं तो सबसे बड़ा संकट आम आदमी पार्टी पर पड़ने वाला है. केजरीवाल की अनुपस्थिति के चलते ही आम आदमी पार्टी के एकलौते सांसद ने पार्टी छोड़कर बीजेपी जॉइन कर लिया . यही नहीं अपने साथ एक सिटिंग एमएलए को भी बीजेपी में ले गए. जिस तरह की स्थितियां बन रही हैं उसे देखकर यही लग रहा है कि पार्टी ताश के महल की भांति भरभराकर गिर सकती है.

**बाकी शेष पृष्ठ 2 पर**




# पंडित प्रदीप मिश्रा घायल, महादेव होली में सिर में लगा नारियल

## सूजन आने से कथाओं के आयोजन रोके



**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के सिर में चोट लगने से उनके मस्क्रि में सूजन आ गई है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर उन्होंने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आष्टा में महादेव होली के दौरान किसी ने नारियल फेंका था, जो उनके सिर में लग गया। इससे उनके मस्तिष्क में सूजन आ गई है। इस वजह से अब वे कुछ दिनों तक कथाएं नहीं करेंगे। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी है।

**बाकी शेष पृष्ठ 2 पर**



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# शराब घोटाला केस में तिहाड़ भेजे गए सीएम केजरीवाल, जेल नंबर-2 होगा ठिकाना

**जालंधर( सूरभि शर्मा ):** आबकारी मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। केजरीवाल को अब तिहाड़ जेल शिफ्ट किया जा रहा है। जहां उनको जेल नंबर-2 में रखा जाएगा. तिहाड़ में इस तरह की कुल 16 जेल हैं. इसमें 9 जेल तो तिहाड़ में ही मौजूद हैं जबकि 1 जेल रोहिणी और 6 जेल मंडोली में हैं. रोहिणी और मंडोली की जेलें भी तिहाड़ के अधीन आती हैं।

आबकारी मामले में ही जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को तिहाड़ की जेल नंबर 1 में जबकि के.कविथा को महिला जेल नंबर 6 में और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जेल नंबर 5 में रखा गया है. जेल नंबर 6 तिहाड़ में है जबकि जेल नंबर 16 मंडोली में है। जेल भेजे जाने से पहले सारे कैदियों का जेल में ही मेडिकल होता है। मेडिकल की यह सुविधा 24 घंटे और सातों दिन उपलब्ध है. ऐसे में अरविंद केजरीवाल का मेडिकल भी तिहाड़ जेल में ही होगा। यहां पर दो मुख्य अस्पताल भी मौजूद है।

**जेल में शिफ्ट करने से पहले होगा मेडिकल जांच :** बताया जा रहा है कि केजरीवाल का मेडिकल एक डॉक्टर और उनकी टीम करेगी। जिसमें बीपी, शुगर चेक करेंगे, बाकी मेडिकल हिस्ट्री पूछा जाएगा। केजरीवाल की पूरी मेडिकल रिपोर्ट जेल रिकार्ड में रखी जाएगी. मेडिकल जांच पूरी होने के बाद केजरीवाल को जेल नंबर 2 में शिफ्ट कर दिया जाएगा. मेडिकल जांच की इस पूरी प्रक्रिया में कई घंटे का समय लगता है।

आबकारी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने केजरीवाल को पेश करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट में कई हैरान करने वाले दावे भी किए। ईडी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ के दौरान बताया कि विजय नायर मुझे रिपोर्ट नहीं करता था, बल्कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था।




**आम आदमी पार्टी ने किया पलटवार :** इस पर आम आदमी पार्टी के नेता जैस्मिन शाह ने पलटवार करते हुए ईडी की इस दलील पर सवाल उठाया. जैस्मिन शाह ने कहा कि जब विजय नायर को हिरासत में लिया गया था तब भी उन्होंने यही कहा था कि मैं मुख्यमंत्री को रिपोर्ट नहीं करता, मैं आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता हूं.

जैस्मिन शाह ने आगे कहा कि अब सवाल उठता है कि ED ने डेढ़-दो साल बाद उस बयान को क्यों उठाया जो लिखित में उसके पास है? हमारे इन दो वरिष्ठ नेताओं आतिशी और सौरभ का नाम जो दिल्ली सरकार में मंत्री हैं, किस लिए लिया गया यह समझ में आ गया है। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने से पार्टी बंद नहीं होगी।

## सीएम केजरीवाल को बड़ा झटका

# कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार (1 अप्रैल, 2024) को बड़ा झटका लगा । दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की मांग पर केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में अरविंद केजरीवाल की ईडी की हिरासत अवधि पूरी होने पर आज अदालत में पेश किया। दरअसल, ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 21 मार्च की रात को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

इसके अगले दिन यानी 22 मार्च को कोर्ट ने केजरीवाल को 28 मार्च तक की ईडी हिरासत में भेज दिया। फिर उन्हें 28 मार्च को 1 अप्रैल तक की ईडी हिरासत में भेज दिया गया था।

### ईडी का क्या आरोप है?

ईडी ने दावा किया कि दिल्ली शराब नीति को तैयार करने और लागू करने में भ्रष्टाचार हुआ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मामले में मुख्य साजिशकर्ता करार दिया हैं। आबकारी नीति मामल में ही पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं।

ईडी का कहना है कि दिल्ली शराब नीति से अर्जित किए गए पैसे का आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव और अन्य कामों के लिए इस्तेमाल किया है। वहीं,क्कने इन तमाम आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया है।

बीजेपी राजनीतिक बदले की भावना के तहत ये सब कर रही है।

पृष्ठ 1 का शेष

## अरविंद केजरीवाल की असली मुश्किलें ...

क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने अपने नीचे कोई सशक्त दूसरी लाइन तैयार नहीं होने दी. जिस पर भरोसा था वो लोग मनीष सिसौदिया , संजय सिंह और सत्येंद्र जैन सभी जेल के अंदर हैं. इनमें से किसी के भी अभी बाहर आने की उम्मीद नहीं है. कद्दावर लोगों को बहुत पहले ही पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया गया. अब तो यहां तक कहा जा रहा है कि पार्टी के सांसद और अरविंद केजरीवाल के खासमखास सांसद राघव चड्ढा भी उनसे किनारा कर रहे हैं. ऐसे मौके पर जब पार्टी को सबसे अधिक मजबूत लोगों की जरूरत है कोई नहीं दिख रहा है. राघव चड्ढा लंदन में हैं और स्वाति मालिवाल अमेरिका में हैं. जिस तरह केजरीवाल मंत्रिमंडल के साथी कैलाश गहलोत शुक्रवार को ईडी से हुई पूछताछ के बाद मीडिया से बात कर रहे थे उनकी विश्वसनीयता भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं. कैलाश गहलोत स्वीकार कर रहे हैं कि उनको अलॉट सरकारी कोठी में वो खुद नहीं विजय नायर रह रहा था.

पृष्ठ 1 का शेष

## अरविंद केजरीवाल की असली मुश्किलें ...

**मनासा में कथा करने पहुंचे थे :** पंडित प्रदीप मिश्रा सोमवार को नीमच के मनासा में शिवमहापुराण कथा करने पहुंचे।

यहां आकर उन्होंने कहा कि मेरा स्वास्थ्य खराब है, लेकिन मैं सिर्फ आप लोगों से मिलने आया हूं। उन्होंने कहा- 29 मार्च को आष्टा में महादेव होली खेली गई थी। इस दौरान गुलाल की जगह किसी ने नारियल फेंका जिसके कारण ब्रेन में थोड़ी दिक्कत आ गई। अंदर की तरफ चोट लगने के कारण ब्रेन में सूजन हो गई है। डॉक्टरों ने कहा है कि दिमाग पर ज्यादा जोर नहीं देना है। जब तक डॉक्टर परमिशन नहीं देते हम कथा नहीं कर सकते।

**अस्पताल से छुट्टी करा कर आया**

पंडित मिश्रा ने कहा आप सब यहां आए और आपको कष्ट हुआ। मैं सिर्फ आप लोगों की वजह से यहां पर आया हूं। अस्पताल से छुट्टी करवा कर मैं आप लोगों के बीच में आया हूं। उन्होंने कहा कि अगले साल विट्ठलेश सेवा समिति कथा करने के लिए मनासा आएगी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य में सुधार होते ही आगे की कथाएं करेंगे, नहीं तो जो कथाएं आगे भी होने वाली थी वो निरस्त हो जाएंगी।

**50 हजार लोग पहुंच चुके थे मनासा :** मनासा में एक अप्रैल से सात अप्रैल तक कथा का आयोजन होना था। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी।

31 मार्च रविवार को शहर में कलश यात्रा भी निकाली गई थी। कथा सुनने पहले ही दिन करीब 50 हजार लोग कथा के पंडाल में पहुंचे चुके थे। लेकिन पंडित प्रदीप मिश्रा के कथा निरस्त करने की घोषणा के बाद वे मायूस होकर लौटे।

**महिलाओं के छलके आंसू :** कुछ महिलाओं की आंखों में आंसू आ गए और वे रोने लगीं। बड़ी संख्या में कथा सुनने आए लोगों के चलते सड़कों पर जाम के हालात भी बन गए। पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए सड़कों पर मशक्कत करती नजर आई।

**स्वास्थ्य के लिए दो अप्रैल को किया जाएगा सुंदरकांड का आयोजन**

पंडित प्रदीप मिश्रा के स्वास्थ्य खराब हो जाने से पूरे देश में मायूसी छाई हुई है। उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए सीहोर जिला संस्कार मंच के पदाधिकारियों ने शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम और मरीह माता मंदिर में पहुंचकर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है ताकि वे जल्द स्वस्थ हों।

इस मौके पर मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने यहां पर मौजूद वृद्धजनों और कन्याओं को फल का वितरण किया। वहीं, मंगलवार को गुरुदेव के शीघ्र ही स्वास्थ्य की कामना को लेकर सुंदरकांड किया जाएगा।

**आष्टा में महादेव होली का आयोजन हुआ था :** गत शुक्रवार को सीहोर जिले के आष्टा में महादेव की होली का आयोजन समिति द्वारा किया गया था।

भव्य चल समारोह के दौरान गुरुदेव के सिर में नारियल लगने के कारण अंदरूनी चोटें आई है। पिछले तीन दिनों से वे अस्पताल में भर्ती थे, लेकिन सोमवार से आरंभ होने वाली शिव महापुराण में पहुंचे गुरुदेव ने जैसे ही अपने स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दी, वैसे ही पूरे देश के श्रद्धालुओं ने भागवत भूषण मिश्रा के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना को लेकर भगवान शिव शंकर से प्रार्थना का सिलसिला शुरू कर दिया। पंडित मिश्रा के सीहोर स्थित कुबेरेश्वरधाम से पूरे विश्व में श्रद्धालु जुड़े हुए हैं और उनके जल्द सेहतमंद होने की प्रार्थना की जा रही है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



# तरण तारन के पास श्रद्धालु की गोली मारकर हत्या

## दर्शन के लिए जा रहा था आनंदपुर साहिब




**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब के तरण तारन के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि वह अपने परिवार के साथ अमृतसर से आनंदपुर साहिब दर्शन के लिए जा रहा था।इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने तरण तारन के पास गोली मारकर हत्या कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार अमृतसर से आनंदपुर साहिब दर्शन के लिए जा रहे एक परिवार के ऊपररास्ते में अज्ञात युवकों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी। बताया जाता है कि 35 वर्षीय जसवीर सिंह अपने परिवार के साथ ट्रैक्टर ट्राली पर परिवार के साथ सवार होकर आनंदपुर साहिब जा रहा था। जैसे ही वह तरण तारन के पास पहुंचा तो पीछे से दो अज्ञात युवक उनके सामने आए और उन पर फायरिंग शुरू कर दी।

### पुरानी रंजिश का मामला आ रहा सामने

बताया जाता है कि पुरानी रंजिश के कारण बदमाशों ने जसवीर सिंह को गोली मारी है।जसवीर सिंह के शरीर में तीन गोलियां लगी है।गोलीबारी के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। इसके बाद परिवार ने जख्मी हालत में जसवीर को अमृतसर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन डॉक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# 5वीं का रिजल्ट घोषित, 99.84 प्रतिशत हुए पास, ऐसे करें चेक

**जालंधर( हिमांशु ) :** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। कुल 99.84 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। रिजल्ट चेक करने का लिंक 2 अप्रैल को सुबह 10 बजे पंजाब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट pseb.ac.in पर एक्टिव किया जाएगा। परीक्षा में शामिल छात्र अपने रोल नंबर के जरिए परिणाम चेक कर सकते हैं। कुल 587 स्टूडेंट्स ने 100 फीसदी नंबर प्राप्त किए हैं. वहीं लड़कियों का पास 99.86 प्रतिशत और लड़कों प्रतिशत 99.81 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

पठानकोट जिले का रिजल्ट सबसे अधिक 99.96 फीसदी रहा। पिछले साल बरनाला और तरनतारन जिलों का पास प्रतिशत 99.86 रहा, जो सबसे अधिक था।

इस साल सरकारी स्कूलों का पास प्रतिशत 99.84 फीसदी रहा। 2023 में भी टॉप 3 में से दो टॉपर सरकारी स्कूलों से थे। 5वीं की परीक्षा में कुल 1,44,653 लडकियां शामिल हुई थी, जिनमें से 1,44,454 पास हुई और पास प्रतिशत 99.86 फीसदी रहा।वहीं कुल 1,61,767 लड़के परीक्षा में शामिल हुए थे और 1,61,468 पास हुए हैं।लड़कों का पास प्रतिशत 99.81 फीसदी रहा।




### PSEB 5th Class Result 2024 कैसे करें चेक?


- आधिकारिक वेबसाइट pseb.ac.in पर जाएं.
- क्लास 5 रिजल्ट 2024 के लिंक पर.
- रोल नंबर और जन्म तिथि दर्ज कर सबमिट करें.
- रिजल्ट आपकी स्क्रीन पर आ जाएगा.

# ईडी का बड़ा दावा, केजरीवाल ने पूछताछ में लिया आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** दिल्ली शराब घोटाला में मामले में ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बीच ईडी की ओर से बड़ा खुलासा किया गया है।

एएसजी एसवी राजू ने कहा है कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि विजय नायर मुझे नहीं बल्कि आतिशी को रिपोर्ट करता था।ASG राजू ने कोर्ट मे कहा कि - विजय नायर केजरीवाल के करीबी रहे हैं।

केजरीवाल ने पूछताछ में कहा कि नायर उन्हें रिपोर्ट नहीं करता था वो आतिशी और सौरभ भारद्वाज को करता था। आपको बता दें कि आतिशी और सौरभ का नाम पहली बार कोर्ट में लिया गया।



### कोर्ट में चौंक गए सौरभ भारद्वाज

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अरविंद केजरीवाल ने जिस समय सौरभ भारद्वाज का नाम लिया उस वक्त सौरव भारद्वाज कोर्ट रूम में ही मौजूद थे।

अपना नाम सुनकर सौरभ एकदम चौंक गए और उन्होंने अपने साथ खड़ी सुनीता केजरीवाल की तरफ देखा।सुनीता ने भी सौरभ की तरफ देखा। आबकारी मामले में आतिशी और सौरभ का नाम पहली बार कोर्ट में लिया गया। हालांकि जब आबकारी नीति लाई गई तब दोनों भी मंत्री नहीं थे। केवल विधायक और प्रवक्ता थे।

### एनडी गुप्ता ने भी दिया बयान

दिल्ली शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता की ओर से भी ईडी को स्टेटमेंट दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, एनडी गुप्ता ने कहा है कि प्रभारी या राज्य चुनाव प्रभारी ये खर्च करते हैं। चुनाव के दौरान किसी भी राज्य का कौन चुनाव प्रभारी होगा ये खुद पार्टी के संरक्षक यानी केजरीवाल तय करते थे।

### आतिशी थीं गोवा चुनाव की इंचार्ज

एक तागज भी सामने आया है कि गोवा चुनाव के वक्त आतिशी इंचार्ज थीं। गोवा चुनाव 14 फरवरी 2022 को खत्म हो गया और 13 फरवरी 2022 तक आतिशी गोवा प्रभारी के रूप में भारत के चुनाव आयोग को पत्र लिख रही थीं। आतिशी ने आज प्रेस कॉफ्रेंस में कहा था कि आज कैलाश गहलोत को बुलाया, कल ईडी मुझे भी उठा सकती है।







# कांग्रेस के पूर्व पार्षद ने उड़ाई आचार संहिता की धज्जियां, दर्ज होगी FIR



**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** जालंधर में कांग्रेस के पार्षद जगदीश राम समराएं के खिलाफ चुनाव आयोग को शिकायत दी गई है, जगदीश राम समराएं ने चुनाव अचार संहिता में लोगों को वोट माँगने के लिए प्रभावित करने का एक कैंप लगाया गया। जिसकी शिकायत भाजपा के द्वारा दी गई है जो शिकायत के बाद जगदीश राम सरमाएँ के ख़िलाफ़ एफ़आइआर दर्ज करने की तैयारी शुरू हो गई है फ़िलहाल शो कास नोटिस जारी करके जगदीश राम सरमाएँ से जवाब माँगा है।




# चुनाव से पहले राहत... सस्ता हो गया एलपीजी सिलेंडर

**जालंधर (हिमांशु) :** एक अप्रैल आम जनता के लिए महंगाई से राहत लेकर आया है। सरकार की ओर से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की गई है।

नई कटौती के बाद 19 किलोवाले एलपीजी सिलेंडर के दाम राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 30.50 रुपये, मुंबई में 31.50 रुपये, चेन्नई में 30.50 रुपये और कोलकाता में 32 रुपये कम हो गए हैं।बता दें, सरकार की ओर से हर महीने की शुरुआत में समीक्षा के बाद गैस सिलेंडरों के नए दाम जारी किए जाते हैं।



**क्या है नया कमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम :** कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर का रेट 1764.50 रुपये हो गया है। पहले ये 1795 रुपये था। वहीं, चेन्नई में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का दाम कम होकर 1930 रुपये हो गया है। वहीं, मुंबई और कोलकाता में 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1717.50 रुपये और 1879 रुपये हो गई है।

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में नहीं हुआ बदलाव

ये कटौती केवल कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के लिए है। सरकार की ओर से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता के साथ देश के अन्य छोटे और बड़े शहरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम जस के तस बने हुए हैं।

## बड़े शहरों में क्या है घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत

14.2 किलोवाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 803 रुपये, कोलकाता में 829 रुपये, मुंबई में 802.50 रुपये और चेन्नई में 818.50 रुपये में मिल रहा है। महंगाई से आम जनता को राहत देने के लिए सरकार पिछले 6 महीने में करीब दो बार घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती कर चुकी है। सरकार की ओर से पिछले यानी मार्च की 9 तारीख को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 100 रुपये की कटौती की थी। वहीं, रक्षाबंधन के मौके पर घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमत में 200 रुपये की कमी का ऐलान किया गया था।

# आदमपुर सिविल एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू, श्री नांदेड़ साहिब के लिए उड़ी पहली फ्लाइट, 136 ने किया सफर



**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** चार साल के लंबे इंतजार के बाद जालंधर के आदमपुर सिविल एयरपोर्ट से उड़ान शुरू हो गई है। रविवार दोपहर करीब 12:50 बजे आदमपुर से नांदेड़ साहिब के लिए पहली उड़ान उड़ी, जो हिंडन एयरपोर्ट (गाजियाबाद) में लैंड होगी।वहां से यह फ्लाइट नांदेड़ साहिब के लिए रवाना होगी। एनआरआईज का हब माने जाते दोआबा के लोगों और कारोबारियों को इससे काफी लाभ होगा।

अभी जालंधर से दिल्ली जाने में 9 घंटे लगते हैं, जबकि फ्लाइट से यह समय मात्र एक घंटे में ही तय हो जाएगा। पहले दिन दिल्ली से आदमपुर पहुंची फ्लाइट में 64 यात्रियों ने सफर किया, वहीं जालंधर से इस फ्लाइट की सभी 72 सीटें बुक थीं। इकोनॉमी क्लास का किराया टैक्स सहित करीब 2300 रुपये रखा गया है। लोकसभा चुनावों के एलान से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी ने आदमपुर सिविल एयरपोर्ट का वर्चुअली उद्घाटन किया था। बता दें यहां से हिंडन, श्री नांदेड़ साहिब, बेंगलुरु, कोलकाता और गोवा के लिए फ्लाइटों के लिए रूट अलॉट कर दिए हैं।

# केक खाने से मौत मामले में पुलिस को नहीं मिली केक की दुकान, परिवार ने ऐसे पकड़ा डिलिवरी बॉय

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** पटियाला में ऑनलाइन डिलिवरी से मंगाया केक खाने से 10 साल की बच्ची की मौत के मामले में न्या खुलासा हुआ है। पुलिस की जांच में ये पता चला है कि जिस दुकान से केक मंगवाया गया है उस नाम की ना तो कई दुकान है और ना ही आनलाइन प्लेट फार्म है। हालांकि जिस बेकरी से केक भेजा गया था वहा के तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं, 30 मार्च को मानवी के परिवार ने फिर से उसी फर्म से केक ऑर्डर किया और जब डिलीवरी एजेंट इसे देने पहुंचा, तो उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने गुरमीत सिंह, रनजीत, पवन मिश्रा और विजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ IPC की धारा 304 के तहत केस दर्ज किया है। बेकरी का मालिक गुरमीत सिंह फरार है।



## क्या था पूरा मामला

यह पूरा मामला 24 मार्च का है। 10 साल की मानवी ने अपने जन्मदिन पर एक ऑनलाइन फूड डिलिवरी ऐप से एक केक ऑर्डर किया था। शाम को 7 बजे उसने अपना केक काटा और उसके बाद वह सोने चली गई। मानवी के परिवारजनों ने पुलिस को बताया सुबह मानवी ने पीने के लिए पानी मांगा और फिर से सोने के लिए चली गई।जब बाद में उन्होंने जाकर देखा तो वह बेहोश मिली, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मानवी के परिवार ने आरोप लगाया कि घर के 5 अन्य लोगों ने भी केक खाया था, केक खाकर वह भी बीमार पड़ गए। परिवार ने कहा कि अपने बेटी की मौत का कारण जानने के लिए वह केक को लेकर स्वास्थ्य विभाग गए थे लेकिन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें लौटा दिया था।

# पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी कांग्रेस में हुए शामिल, AAP पर जम कर बरसे

**जालंधर (जतिन चौहान) :** पंजाब में पटियाला लोकसभा सीट से निर्वाचित पूर्व सदस्य डॉ धर्मवीर गांधी आज कांग्रेस में शामिल हो गये। डॉ गांधी ने कांग्रेस मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा, पार्टी के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह राजा बराड़ तथा पंजाब विधानसभा में कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा की मौजूदगी में यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस नेताओं ने डॉ गांधी का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से शामिल होकर उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है और इससे



उन्हें तथा पार्टी दोनों को लाभ होगा। खेड़ा ने उनका स्वागत करते हुए कहा 'आपका बहुत- बहुत स्वागत और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।' यादव ने कहा 'पटियाला के पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी जी कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। यह पार्टी के लिए बहुत खुशी की बात है। कांग्रेस विचारधारा से प्रेरित होकर डॉ धर्मवीर पार्टी में सम्मिलित हुए हैं। मैं कांग्रेस की तरफ से उनका स्वागत करता हूं।' बराड़ ने कहा 'मैं बहुत- बहुत आभारी हूं कि पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी ने आज कांग्रेस में शामिल होने और अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने का फैसला किया है। आज देश में जिस तरह की राजनीति चल रही है, उस दौर में इन्होंने कांग्रेस पार्टी का झंडा उठाकर चलने का फैसला किया है। मैं पूरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से धर्मवीर जी को बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं।' बाजवा ने कहा 'धर्मवीर गांधी जी का कांग्रेस में आना हमारे लिए शुभ संकेत है। इनके साथ बहुत सारे साथी भी आए हैं। ये 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का असर है। मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। आपके आने से हमें मजबूती मिलेगी।' इस मौके पर डॉ गांधी ने कहा आने वाला लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है, यह देश की दिशा तय करेगा।ऐसे समय में सही के साथ खड़ा होना बहुत जरूरी है। इसलिए मैं कांग्रेस में शामिल हुआ हूं।'

उन्होंने कहा कि वह चिकित्सक है लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्राओं से प्रभावित हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संस्थानों को तबाह करने और तानाशाही रवैया से दुखी है इसलिए कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी की से 16वीं लोकसभा के सदस्य रहे डॉ गांधी ने कहा कि वह अन्ना हजारे के आंदोलन से प्रभावित थे और उन्हें लगा कि देश में सचमुच में राजनीतिक बदलाव आएगा लेकिन जब उन्होंने अरविंद केजरीवाल की छद्म को देखा तो वह समझ गए कि उनके साथ रहना उचित नहीं है।